मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-299
04/06/2020

मुख्यमंत्री ने कबीर जयंती के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनायें दी

पटना, 04 जून 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कबीर जयंती के अवसर पर बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनायें दी हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि संत कबीर हिन्दी साहित्य के भक्ति कालीन युग में ज्ञानाश्रयी–निर्गुण शाखा की काव्य धारा के प्रवर्तक थे। इनकी रचनाओं ने हिन्दी प्रदेश के भक्ति आन्दोलन को गहरे स्तर तक प्रभावित किया। जब भी भारत में धर्म, भाषा एवं संस्कृति की चर्चा होती है तो कबीर दास जी का नाम सबसे पहले आता है क्योंकि कबीर दास जी ने अपने दोहों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को दर्शाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि संत कबीर का जीवन दर्शन एवं उनकी काव्य रचना प्रेरणादायक है और हम सभी के लिये अनुकरणीय है।

******